inext
www.inextlive.com
आई नेक्स्ट
Bareilly Thursday 14 July 2011

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में व्याख्यान देते वक्ता.

प्रोफेसर्स को बताए बेहतर शिक्षण के गुर

» एसआरएमएस में चल रहा है पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

» दूर-दराज से आए प्रोफेसर्स ने दिया व्याख्यान

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13July): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे प्रोग्राम में प्रोफेसर्स को बेहतर शिक्षण के गुर सिखाए गए. वहीं, दूर-दराज से आए प्रोफेसर्स ने नेटवर्क सिम्यूलेटर-2 विषय पर चल रहे पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन व्याख्यान दिया. इसके साथ ही उन्होंने पढ़ाई की आधुनिक तकनीकियों के बारे में विस्तार से बताया.

सेंसर की खूबियों को बताया

वेडनसडे को प्रोग्राम के तकनीकी सत्र में डॉ. करन सिंह ने वायरलेस सेंसर नेटवर्क, मोबाइल एड-हॉक नेटवर्क तथा अन्य स्मार्ट नेटवर्क के बारे में बताया गया. इस दौरान उन्होंने इन सभी नेटवर्क की उपयोगिता, विशेषताओं तथा इससे सम्बंधित समस्याओं जैसे ट्रैफिक कन्जेशन व नेटवर्क अटैक के बारे में जानकारी दी गई. सेकेंड सेशन में विषय विशेषज्ञ ने सभी प्रतिभागियों को नेटवर्क सिम्यूलेटर-2 से सम्बन्धित एक्सपेरीमेन्ट को कम्प्यूटर लैब में करना सिखाया. इस दौरान उन्होंने टीसीएल प्रोग्रामिंग, नेटवर्क सिम्युलेटर-2 से सम्बन्धित आवश्यक कमाण्ड्स के बारे में जानकारी दी. डॉ. करन सिंह ने लिनिक्स ऑपरेटिंग सिस्टम पर नेटवर्क सिम्युलेटर-2 को इन्स्टॉल करना भी सिखाया. सभी प्रतिभागियों ने उत्सुकता के साथ सभी सत्रों को अटेंड किया, समझा और प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. करन सिंह ने संतोषजनक उत्तर दिया. कार्यक्रम का संचालन आशीष अग्रवाल, रश्मि अवस्थी ने किया. इस मौके पर अभिषेक दीक्षित, आलोक सेंगर, शाहजहां अली, दिवाकर उपाध्याय, विनीत चौहान, अनुराग यादव व मनोज कुमार आदि मौजूद रहे.